बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

स्हायक अभियन्ता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰– 03/2020, 08/2020 एवं 09/2020)

उम्मीदवारों के लिए आवश्यक सूचना

1. इस परीक्षा में उम्मीदवारों को औपबंधिक रूप से प्रवेश की अनुमति दी गयी है। उनकी पात्रता के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय साक्षात्कार के समय आवेदन में अंकित तथ्यों की विधिवत जाँच/सत्यापन के पश्चात् किया जा सकेगा।
2. उम्मीदवार निर्धारित परीक्षा के केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के **दो घंटा पूर्व** (08.00 बजे पूर्वाह्न) पहुँच जायें। **परीक्षा केन्द्र में 09.00 बजे पूर्वाह्न तक ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी एवं सभी परीक्षार्थी 02.00 बजे अपराह्न के बाद ही परीक्षा कक्ष छोड़ेंगे।**
3. आवेदन में अंकित तथ्य किसी भी समय जाँच के क्रम में अन्यथा पाए जाने की स्थिति में सम्बन्धित उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और, आयोग की इस परीक्षा अथवा इस परीक्षा सहित आगामी परीक्षाओं में उन्हें भाग लेने से वंचित किया जा सकता है।
4. परीक्षा केन्द्र परिसर, जहाँ परीक्षा होनी है, में किसी भी प्रकार का Calculator, मोबाईल, ब्लुटुथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, Smart Watch आदि इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा Whitener/Blade/Eraser आदि लेकर जाना एवं उपयोग वर्जित है। उपर्युक्त सामग्री परीक्षा कक्ष में पाये जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी, एवं आयोग की परीक्षाओं से उन्हें विवर्जित किया जा सकता है।
5. OMR Answer Sheet में किसी प्रकार का चिन्ह्/रेखांकन/अंकन करना वर्जित है। इसकी अवहेलना किए जाने पर अनुशासनिक/दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। प्रवेश पत्र पर अंकित "आवश्यक निर्देश" एवं उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) पर अंकित सभी निर्देशों को उम्मीदवार ध्यान से पढ़ें और उसका अक्षरशः अनुपालन करें। OMR Answer Sheet में Question Booklet Series एवं Roll No. निश्चित रूप से अंकित करते हुए गोलों को सही ढंग से भरें, अन्यथा OMR को रद्द किया जा सकता है।

11.10.22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना